**Seventeenth Loksabha**

>

Title: Regarding financial allocation for the development of Kashai and Mau Cluster in Banda Parliamentary Constituency Uttar Pradesh-laid.

श्री आर. के. सिंह पटेल (बांदा): माननीय प्रधान मंत्री जी द्वारा देश के पिछड़े क्षेत्रो के विकास हेतु श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन योजना चालू की गई थी , जिसमे ग्रामीण क्षेत्रो के कुछ गांवो को शहरो की तर्ज पर विकसित करने की कार्य योजना बनाई गई थी| उक्त योजना से मेरे संसदीय क्षेत्र के चित्रकूट जिले मे कसहाई एवं मऊ क्षेत्र स्वीकृत किये गये थे, जिसमे लगभग 30 गांवो के विकास हेतु कार्य योजना बनाई गई थी। किन्तु धनाभाव के कारण सभी योजनाए अधूरी पड़ी है| अतः मेरी सरकार से मांग है कि मेरे संसदीय क्षेत्र बंदा (उत्तर प्रदेश) के चित्रकूट जिले के कसहाई एवं मऊ क्लस्टर के विकास हेतु उक्त योजना से वित्तीय स्वीकृत जारी करने हेतु आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करे|